तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024



12 कंकालिन मंदिर में ज्योति कलश भवन का विधायक संगीता ने ...



11 दान-पुण्य करो लेकिन उसका बखान स्वयं न करें






## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

## खबर संक्षेप

### बिरेतरा (भा.) में लोकार्पण और भूमिपूजन आज

**लाटाबोड़।** विकासखंड गुंडरदेही अंतर्गत ग्राम बिरेतरा (भा.) में लोकार्पण एवं भूमिपूजन का कार्यकम 9 अक्टूबर को रखा गया है। सरपंच योगेश कुमार देशमुख ने बताया कि कार्यक्रम आज शाम 7 बजे से रखा गया है, जिसके मुख्यअतिथि गुंडरदेही विधायक कुँवर सिंह निषाद होंगे।

### खैरवाही में छड़ व केबल की चोरी

**बालोद।** ग्राम खैरवाही में एसएसजी शेड निर्माण कार्य के लिए रखी छड़ और केबल की चोरी हो गई। अज्ञात चोर करीब 26 हजार रुपए का सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद ग्राम पंचायत खैरवाही के सरपंच बुढ़ान सिंह ने अज्ञात चोर के खिलाफ डौंडी थाना में रिपोर्ट लिखाई है। सरपंच ने बताया कि 4 सितंबर को दोपहर 3 बजे आनंद जैन डौंडी के पास से 12 एमएम की 3 बंडल छड़, 10 एमएम की 1 बंडल छड़, 8 एमएम की 2 बंडल छड़ मंगाई गई थी। वहीं, 400 मीटर केबल वायर पहले से था, जिसे मंगल भवन के सामने सुरक्षित रखवाया था। 20 सितंबर को सुबह 10 बजे काम चालू करने गया, तो देखा कि मंगल भवन के सामने रखी छड़ और केबल नहीं थे। उन्हें कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। डौंडी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## देव दशहरा : मां कंकालिन मंदिर में क्वांर नवरात्रि में प्रथम मंगलवार को होता है आयोजन

# पेटेचुआ में धूमधाम से मना देव दशहरा, 52 गांवों के देवी-देवता पहुंचे, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पेटेचुआ स्थित मां कंकालिन मंदिर में मंगलवार को देव दशहरा धूमधाम से मनाया गया। इसमें 52 गांव के देवी देवताओं को आमंत्रित किया गया, जिनके दर्शन करने हजारों श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर की परंपरा रही है कि क्वांर नवरात्रि प्रारंभ होने के बाद प्रथम मंगलवार को दशहरा उत्सव मनाया जाता है।

■ खारुन नदी के उद्गम स्थल पर स्थित है माता कंकालिन का मंदिर

ब्लॉक मुख्यालय से 18 किमी दूर ग्राम पेटेचुआ में स्थित मां कंकालिन मैया मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है। मंदिर खारुन नदी के उद्गम स्थल पर है, जो चारों ओर जंगल से घिरा है। पहले यह मंदिर खुले आसमान के नीचे था। बाद में मंदिर बनाया गया। मंदिर में पितृमोक्ष के बाद प्रथम मंगलवार को देव दशहरा उत्सव मनाया गया, जो देश का पहला दशहरा है। इसमें हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर पहुंचे। मंदिर प्रांगण में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। देव दशहरा में आसपास के ग्रामीण बाजा–गाजा, डांग–डोरी लेकर पहुंचे। कहते हैं, कि जो भी यहां सच्चे मन से मां से मनोकामना करता है, उसे माता अवश्य पूरा करती हैं।





### देश की पहली होली भी यहीं मनाई जाती है

कंकालिन मंदिर में देश का प्रथम देव दशहरा मनाने के साथ ही सबसे पहले होलिका दहन भी होता है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार को माताजी का फाग होता है।

### प्रकट हुई मां कंकालिन, जो चुराती थीं महुआ

मां कंकालिन मैया की उत्पत्ति को लेकर मंदिर पुजारी रामकुमार कोमर्रा ने बताया कि 700 से 800 साल पहले ग्राम पेटेचुआ निवासी बुजुर्ग चिराम मंडावी गांव से दूर जंगल में महुआ बीनने जाते थे। महुआ बीनने के बाद चट्टानी जमीन होने के कारण उसी स्थान पर सुखाकर घर चले आते थे। अगले दिन उस जगह पर पहुंचने पर सुखाया हुआ, महुआ गायब हो जाता था। यह सिलसिला लगातार चलता रहा। एक दिन चिराम मंडावी मामले का पता लगाने रात में उसी स्थान पर रुक गया, जहां उसने महुआ सुखाया था। रात हुई तब महुआ अपने आप गायब हो गया। चिराम मंडावी ने आवाज देकर कहा कि कौन है, जिसने मेरे महुआ को गायब किया है, सामने आओ। तब हवा स्वरूप माताजी ने कहा कि मैं कंकालिन हूं, लेकिन उसे यकीन नहीं हुआ और सामने आने की बात कही। तब जोरदार आवाज आई। मां कंकालिन धरती चीरकर स्वयं प्रकट हुई और बताया कि मैं ही तुम्हारा महुआ को गायब करती हूं। यह कहते हुए मां कंकालिन उसके शरीर में प्रवेश कर गई, जिससे वह मूर्छित हो गया। यह सिलसिला चलते–चलते सुबह हो ▶▶| शेष पेज 10 पर

### भोला पठार में हुआ सभी देवों का पदार्पण



**डौंडीलोहारा।** जिले के ख्याति प्राप्त पर्यटन स्थल भोलापठार में ऐतिहासिक देव मेला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालोद विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, युवराज लाल निवेंद्र महेन्द्र सिंह टेकाम, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रामजी ठाकुर अध्यक्ष भोला पठार विकास समिति शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढी गौरव सम्मान कार्यक्रम के तहत बिरसा मुंडा सम्मान फिरंता उईके, शहीद वीर नारायण सम्मान, शहीद गैंदसिंह नायक सम्मान प्रकाश आर्य सहित अन्य अनेक सम्मान दिए गए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बस्तर भाती आँगा देव तथा अनेक देव मेला हुआ। श्री टेकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये बहुत गौरव का पल है कि मुझे आज यहां आने का अवसर प्राप्त हुआ और हमारे समाज, संस्कृति को आज भी कायम रखने के लिए श्री रामजी ठाकुर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित अध्यक्ष भोला पठार विकास समिति उनके तथा उनकी टीम के अथक प्रयासों से आज हमारा समाज एकत्र है। उन्होंने कहा कि विशाल मेला और भोला पठार पूरे छत्तीसगढ़ में पर्यटन स्थल के नाम से जाने जाना लगा है।

■ ऐतिहासिक देव मेला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

## एएसपी बनीं नवनीत कौर व गीता वाधवानी एसपी ने दी बधाई

**बालोद।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत एवं स्थानांतरित हुए अधिकारियों को पुलिस कार्यालय बालोद में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नवनीत कौर एवं गीता वाधवानी को कंधे पर अशोक स्तंभ लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक चित्र वर्मा, डीएसपी बोनीफास एक्का, डीएसपी राजेश बागड़े, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पांडे, यातायात प्रभारी राकेश ठाकुर एवं समस्त ऑफिस स्टाफ एवं परिजन उपस्थित थे।





## पानी निकासी के लिए पंचायत ने तोड़ दी नाली, अब नहीं बना रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम भेड़िया नवागांव में बरसात के दिनों में पानी निकासी की समस्या को ध्यान में रख सकरी नाली को पंचायत द्वारा तोड़ दिया गया, लेकिन बरसात खत्म होने के बावजूद नाली निर्माण कार्य को नहीं किया जा रहा है। इसके कारण ग्रामीण व दुकानदार परेशान हैं।

■ भेड़िया नवागांव के ग्रामीणों को हो रही परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पहले ग्रामीणों ने पानी निकासी के लिए वैकल्पिक नाली का निर्माण किया था। लेकिन, इस वर्ष बहुत ज्यादा बारिश होने व निकासी नाली संकरी होने के कारण पानी का बहाव नहीं हो पा रहा था और पानी सड़क पर भर रहा था। इसे देखते हुए पानी निकासी के लिए ग्राम पंचायत नाली को तोड़ दिया। उसके बाद से ग्रामीण व दुकानदारों द्वारा निकासी नाली में लकड़ी डाल कर वैकल्पिक माध्यम से आवागमन की व्यवस्था की गई है। लेकिन, अब बरसात खत्म हो जाने के बाद भी ग्राम पंचायत द्वारा नाली का निर्माण नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण की मानें तो बरसात के दिनों में रोजाना पानी का बहाव इसी नाली के माध्यम से होता है, इसके बावजूद पंचायत द्वारा पक्की नाली बनाने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण कच्ची नाली से पानी का बहाव हो रहा है तथा पक्की नाली नहीं बनने के कारण कई जगह कीचड़ हो गई है। वहीं, नाली खुली होने के कारण मच्छर की समस्या बनी हुई है, बावजूद इसके पक्की नाली निर्माण के लिए पंचायत द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

वहीं, दुकानदारों ने बताया कि पक्की नाली नहीं बनने के कारण ग्राहकों को दुकान आने में दिक्कत होती है। समस्या को देखते हुए आने-जाने के लिए लकड़ी को बिछा कर वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।





## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए डौंडी विकासखंड के चार मॉडलों का चयन

सेजेस जेआरडी दुर्ग में आयोजित संभागस्तरीय वैज्ञानिक प्रतियोगिता में किया गया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली द्वारा बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी' विषय पर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, वैज्ञानिक अभिवृत्ति समाज और परिवेश में निहित समस्याओं के वैज्ञानिक विधि से समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति जागृत करने संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता सेजेस जेआरडी दुर्ग में संपन्न हुआ। इसमें संभाग के सभी जिलों ने भाग लिया। बालोद जिले के कुल पांच मॉडलों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इन पांच मॉडलों में से चार मॉडलों का डौंडी विकासखंड से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मैर्कले ने जिले के चयनित सभी विद्यार्थियों तथा प्रभारी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ और संपोषणीय समाज को बनाए रखने के लिए वैश्विक मुद्दों पर विवेचनात्मक सोच विकसित करने तथा कृषि उर्वरकों ,जैव तकनीकी ,हरित ऊर्जा ,सूचना प्रौद्योगिकी ,खगोल विज्ञान ,क्रीडा तथा खेलकूद एवं जलवायु परिवर्तन में चुनौतियां का सामना करने इत्यादि के क्षेत्र में नए उपाय को तलाशने में इन बाल वैज्ञानिकों की भूमिका सराहनी है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे एस भारद्वाज ने चयनित बाल वैज्ञानिकों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य के प्रति दूरदर्शी संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला नोडल राजेंद्र वर्मा जिला विज्ञान प्रदर्शनी प्रभारी रूपेश कश्यप, सच्चिदानंद शर्मा बीआरसीसी डौंडी, सुनीता यादव प्राचार्य सेजस कुसुमकसा, एसएल रावटे प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिटाल, डीके पुरोहित प्रधान पाठक सेजेस चिखलाकसा, मॉडल विशेषज्ञ लोचन देशमुख, बीएन योगी, राजेश मेश्राम, अमरदीप गुप्ता ,संजय बंजारे आदि ने बाल वैज्ञानिकों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### इन मॉडलों का किया गया है चयन

राज्य के लिए चयनित मॉडल उपकथानक प्राकृतिक खेती में प्रथम स्थान खुशी विश्वकर्मा सेजस कुसुमकसा से हाइड्रोपोनिक्स मॉडल का चयन हुआ। उनके मार्गदर्शक व्याख्याता सोनम गुप्ता तथा तामसिंह पारकर ने बताया कि प्राकृतिक खेती मिट्टी में ज्यादा पानी, ज्यादा खाद् और ज्यादा जगह मे होती है वही यह खेती बिना मिट्टी के कम पानी, कम खाद और कम जगह में की जा सकती है। इसमें हानिकारक कीटनाशक का प्रयोग नहीं होता और उपज भी अपेक्षाकृत अधिक होती है। हाइड्रोपोनिक्स खेती का सबसे अच्छा लाभ यह है कि इसमें जगह की बचत होती है। पारंपरिक खेती में पौधों को मिट्टी में पोषक तत्वों की तलाश करनी पड़ती है। दूसरी और हाइड्रोपोनिक में पोषक तत्व सीधे जड़ों तक पहुंच जाते हैं। इसलिए उन्हें खोजने की जरूरत नहीं पड़ती। उपकथानक संचार एवं परिवहन में प्रथम स्थान यमन साहू सेजस चिखलाकसा अंधा मोड़ पर सड़क सुरक्षा पर आधारित मॉडल का चयन हुआ। जिनके मार्गदर्शक शिक्षिका श्रीमती अंजना गोस्वामी ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं ▶▶| शेष पेज 10 पर


हरिभूमि

## पाठक सूचना

बालोद जिले में

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


## तापमान में आई गिरावट, उमस भरी गर्मी बरकरार




**बालोद।** बीते एक सप्ताह पहले की तुलना में वर्तमान में तापमान में गिरावट आई है। दिन का अधिकतम तापमान 25-26 डिग्री सेल्सियस तक है, जबकि बीते कुछ दिनों पहले तापमान 30 के पार पहुंच चुका था।

वहीं, सुबह के समय जिले के वनांचल क्षेत्रों में आंशिक रूप से कोहरा छाया हुआ नजर आता है। इस अक्टूबर महीने के अंतिम दिनों यानी दीपावली पर्व के दौरान रात का तापमान 20 डिग्री के नीचे जाने से हल्की ठंड महसूस हो सकती है। वर्तमान में तापमान उतार-चढ़ाव होने से दिन में उमस भरी गर्मी बरकरार है, इसके समाप्त होने का और इंतजार करना होगा।


## श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

जन्म 17.12.1942



निर्वाण 30.09.2024

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

**कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| दशगात्र | : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में) |
| तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज | : **13 अक्टूबर 2024, रविवार** |
| स्थान | : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर |
| समय | : दोपहर 1 से 5 बजे तक |

**शोकाकुल**

श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)

प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)

ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)

प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई), सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार

नोट: जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।

## खबर संक्षेप



### गांव-गांव पहुंच रहा है भाजपा का सदस्यता रथ

**अंडा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के आह्वान पर दुर्ग जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सदस्यता अभियान के तहत भव्य रथयात्रा की शुरुआत की। रथयात्रा का दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने किया। रथ यात्रा के माध्यम से दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत भाजपा अंजोरा मंडल के ग्राम विनायकपुर, आलबरस, निकुम और तिरगा का भ्रमण किया गया, जहाँ युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संभाग प्रभारी भाजयुमो भूपेन्द्र नाग, प्रीतपाल बेलचंदन, माया बेलचंदन, मनीष कुणाचा, आकाश सिंह ठाकुर, जितेन्द्र साहू, मुकेश बेलचंदन, चिंटू यादव, सानिध्य चंद्राकर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### शंकराचार्य से अमित ने लिया आशीर्वाद

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने सोमवार को देवपुरी, बोरियाकला, रायपुर स्थित शंकराचार्य आश्रम में जाकर राजधानी पहुंचे आदिगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश की शांति, खुशहाली और तरक्की की कामना की।

### प्रमुख लोकायुक्त के पेंशन नियम में बदलाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रमुख लोकायुक्त को दी जाने वाली पेंशन के नियम में बदलाव किया है। छत्तीसगढ़ लोक आयोग अधिनियम, 2002 व उसकी धाराओं द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ प्रमुख लोकायुक्त एवं लोकायुक्त (सेवा की शर्तें) नियम, 2008 में अग्रतर संशोधन किया गया है।
**अब हुआ ये संशोधन :** देय पेंशन के संबंध में प्रमुख लोकायुक्त को, प्रमुख लोकायुक्त के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए, उस दर पर पेंशन का भुगतान किया जाएगा। , जो भारत के उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश के लिए प्रासंगिक विधि द्वारा विहित हो एवं उस पद के लिए स्वीकार्य हो, जिसका वेतन प्रमुख लोकायुक्त को अधिनियम की धारा 4 के अनुसार अंतिम बार प्रदाय किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### प्रकट हुई मां ...

गई। तब उसकी पत्नी उसे खोजने जंगल गई। उसे चिराम मूर्छित अवस्था में मिला। तब उसने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीण उसे लेकर गांव आ गए। जहां उसे होश आया और उसने पूरी घटना ग्रामीणों को बताई। तब ग्रामीणों ने पत्थर तोड़कर प्रकट हुई मां की पूजा–अर्चना प्रारंभ की। तब से मां कंकालिन की पूजा–अर्चना की जा रही है।

### इन मॉडलों ...

की रोकथाम की जा सकती है। सड़क सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण कारक कुशल और सतर्क ड्राइविंग की आवश्यकता है। ताकि यात्री ,पैदल यात्री और चालक सुरक्षित रह सके। उपकथानक आपदा प्रबंधन में द्वितीय स्थान ग्रेसी साहू सेजस कुसुमकसा से रेन वाटर डिटेक्टर का चयन हुआ जिसका मार्गदर्शक व्याख्याता जनक साहू तथा उमेश सिन्हा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से बचने ब सुरक्षित रहने के लिए रेन वाटर डिटेक्टर बहुत ही उपयोगी साबित होगी। उपकथानक खाद्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में तृतीय स्थान यश कुमार शा उ मा वि बिटाल का चयन हुआ।मार्गदर्शक व्याख्याता शुभम श्रीवास्तव ने कहा कि खाद्य स्वच्छता अपनाकर हम खुद को रोगों से बचा सकते हैं स्वस्थ रह सकते हैं। यह बीमारियों के प्रसार को रोकता है और निरोग सेहत देता है।

## शक्ति की भक्ति में डूबा डौंडीलोहारा अंचल


मां सरस्वती उत्सव समीति रेंगई


दुर्गा उत्सव समिति गारका


नवदुर्गा उत्सव समिति अंडी


नवदुर्गा उत्सव समीति कापसी

कार्यक्रम : नावेल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन ने किया शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

# नवाचार शैक्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है : अरुण कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नावेल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शिक्षा में नवाचार अवधारणा एवं क्रियान्वयन पर व्याख्यान तथा शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बालोद अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षण के वर्तमान स्वरूप में गुणात्मक परिवर्तन व नवीनता लाना अत्यंत आवश्यक है। नवाचार के माध्यम से व्यक्ति के व्यवहार में नवीनता युक्त तथ्यों मान्यताओं और विचारों का बीजारोपण करके शिक्षक को नवीन प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख होने के लिए प्रेरित किया।

एनटीसीएफ के अध्यक्ष अरुण कुमार साहू ने कहा कि नवाचार शैक्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है। शैक्षिक नवाचार नये विचारों की खोज, संवाद और सार्थक दिशा में चिंतन का परिणाम है। प्रगतिशील शिक्षकों में पुराने तरीकों से हटकर कुछ परिवर्तन करने का साहस ही नवाचार संस्कृति का निर्माण करता है।

विशेष अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी जेएस भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा को समय के सापेक्ष बनाने के लिए नवाचारों की आवश्यकताएं हैं। यह मंच शिक्षकों को नए विचारों का पता लगाने, उन विचारों को कैसे लागू किया जाना चाहिए इस बारे में निर्णय लेने और उन्हें प्रभावी ढंग से निष्पादित करने की क्षमता प्रदान करता है।

शैक्षिक संगोष्ठी के प्रतिभागी नवाचारी शिक्षक धर्मेंद्र कुमार श्रवण सेजस खल्लारी, तामसिंह पारकर सेजेस कुसुमकसा, मोतीलाल साहू पूर्व माध्यमिक शाला ढुडीया, सनत देशमुख घोड़ेला, आशा साहू आश्रम शाला कुसुमकसा, सरस्वती रामटेके भूरकाभाट, जसवंत मांडवी मानपुर मोहला, पुषन साहू सजेस कन्नेवाड़ा, एस मिश्रा धनेली मोहम्मद आसिफ देवरी तथा आरती ठाकुर कवर्धा ने शिक्षा में नवाचार के लिए अवधारणा एवं क्रियान्वयन पर प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन गायत्री साहू तथा हर्ष देवांगन और आभार प्रदर्शन धर्मेंद्र कुमार श्रवण ने किया। कार्यक्रम का प्रबंधन एवं समन्वय में सचिव कैशरीन बेग, सह सचिव लिली पुष्पा एक्का, सचिव लाल रघुवीर सिंह मीडिया, सांस्कृतिक सचिव मुनमुन सिंह, प्रतिभा त्रिपाठी, खेमलता ठाकुर बिंदिया रानी गैंगबेर तथा सलाहकार मधुबाला कौशल, टेक्नीशियन छगन बछोड ने महती भूमिका निभाई।






### शिक्षकों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षकों प्राचार्य ईरागुड़ा सुनील कुमार चंद्राकर, व्याख्याता धनेली कृष्णा मिश्रा, व्याख्याता खुटेरी श्वेता पांडे, प्रधान पाठक देवरी राजेश वर्मा, शैलेंद्र पांडे, व्याख्याता कोटगांव कीर्तन कुमार, प्रधान पाठक लेखिन साहू, माध्यमिक शाला पेरपार गुरुर अजय शर्मा, व्याख्याता सेजस घोटिया नरोत्तम यादव, जितेंद्र पटेल प्रधान पाठक मोहला, जसवंत मांडवी व्याख्याता मोहला, सुश्री हिप शिवा एंथोनी व्याख्याता डेटेगा, श्वेता नौरंगे व्याख्याता मूडखुसरा, सनत देशमुख गोढेला, सपना सिंहा, आरती ठाकुर, मोतीलाल साहू शिक्षक डूडिया, अजय सिंह सहायक शिक्षक बरबटी, रामकुमार सिन्हा सहायक शिक्षक बरही, जयकांत पटेल व्याख्याता कोड़ेकसा, कमलकांत साहू सहायक शिक्षक बड़गांव, लक्ष्मी गजीर सहायक शिक्षक खपराभाट, पुष्प लता साहू को सम्मानित किया गया।

# भाठागांव बी में हनुमान जी मंदिर में हुई प्राण- प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम भाठागांव बी में हनुमान जी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालोद जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर थे। उक्त हनुमान मंदिर का निर्माण ग्रामवासियों एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर के प्रयास के फलस्वरूप निर्मित हुआ है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि ग्राम में हनुमान मंदिर जैसा धार्मिक स्थल प्राप्त होने पर ग्राम में धार्मिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि अब गाँव गाँव के लोग धर्म के प्रति जागरूक हो रहे हैं। धार्मिक कार्यों में आगे बढ़ कर एक नए समाज को गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व होता है कि हिन्दू धर्म के ऐसे अनेक कार्यों में शामिल होने का मौका भगवान की कृपा से प्राप्त होता है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि हमारे सभी छोटे-बड़े सभी कार्य हनुमान जी के आशीर्वाद से ही संभव होते हैं। इस अवसर पूरा गाँव बजरंग बली की जय के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में सरपंच संध्या साहू, योगेश देशमुख, सरपंच बिरेतरा लक्षण साहू, राजा सेन सहित पूरे गाँव के लोग शामिल हुए।



## शहीद कौशल यादव कालेज में हुईं विविध प्रतियोगिताएं



**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी, मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक अतिथि प्राध्यापक हिन्दी डॉ. रम्भा रत्नाकर रहीं। भूगोल विभाग की अतिथि प्राध्यापक डॉ. तृप्ति राजपूत के मार्गदर्शन आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दानियाल यादव एवं द्वितीय स्थान एम.ए.तृतीय समेस्टर भूगोल प्रिया ने प्राप्त किया। वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक आरपी.निषाद, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी एवं सहायक प्राध्यापक, वनस्पति शास्त्र ऋतु सोरी, अतिथि प्राध्यापक गणित डॉ खुशबू ठाकुर एवं अतिथि प्राध्यापक वाणिज्य यामिनी साहू रहे। वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम दानियाल यादव एवं द्वितीय दिव्या, एमए.तृतीय समेस्टर, भूगोल तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दानियाल यादव एवं द्वितीय मीनाक्षी, एमए.तृतीय समेस्टर, भूगोल ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ.केडी.चावले एवं सहायक प्राध्यापक डी.एस.सहारे ने छात्र–छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

## प्रकाश ने लिया उपाध्यक्ष का पदभार



**डौंडीलोहारा।** तहसील के बड़गांव परिक्षेत्र से आने वाले ग्राम खैरा निवासी प्रकाश साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आईटी प्रकोष्ठ) दुर्ग संभाग के उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर प्रदेश अध्यक्ष टहलसिंह साहू द्वारा नियुक्ति पत्र से सम्मानित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम 6 अक्टूबर को रायपुर के कर्मा धाम, कृष्णा नगर में हुआ। इसमें सभी पदाधिकारियों को बिना किसी भेदभाव के समाज हित में कार्य करने व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उसके बाद अतिथियों द्वारा उद्बोधन, सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा तथा युवाओं में बढ़ते नशाखोरी को रोकने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव थे, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने की। वहीं, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विशिष्ठ अतिथि कसडोल विधायक व साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाज के लोग उपस्थित थे।

## मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला में वन्य प्राणी संरक्षण को लेकर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर



मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में वन्य प्राणी संरक्षण दिवस के अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वन्य जीव के संरक्षण, विलुप्ति व संकट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती ने वन्य जीव के महत्व को बारे में बताया । उन्होंने कहा कि हमारे पर्यावरण के लिए कितना महत्वपूर्ण है मानव जीवन भी किसी तरह से पर्यावरणीय प्रणाली पर आधारित है। भावी पीढ़ी को भी इस बारे में जागरूक करना होगा कि जल, जंगल, जमीन वन्य-जीव मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं। उसके बाद एनएसएस के दलनायक अनिल कुमार ने वन्य जीव संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बढ़ते औद्योगिकीकरण से पर्यावरण एवं वन्य जीव को संकट का सामना करना पड़ रहा है। फलस्वरूप क्लाईमेट चेंज आपदा से जूझना पड़ रहा है। आधुनिकीकरण से सबसे ज्यादा प्रभावित वन्य जीव ही हो रहे हैं। संकट को देखते हुए उनके संरक्षण को लेकर भी विचार किया गया।

जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों ने दी राय

# अच्छे परिणाम के लिए समय का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कालेज जामगांव आर जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक नव नियुक्त अध्यक्ष नरेश केला की अध्यक्षता में हुई।

सदस्यों ने कालेज में अच्छे परिणाम के लिए निर्धारित समय पर प्रोफेसर एवं बच्चों के आने-जाने पर नजर रखने को कहा। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य नीता कुंभारे से इसके लिए आग्रह किया। सदस्य कमलेश साहू ने सभी सदस्यों से भी बीच-बीच में कालेज आकर इस पर नजर रखने को कहा। भूगोल की प्राध्यापक नीता कुंभारे प्रभारी प्राचार्य की भूमिका में दायित्वों के निर्वाहन के कारण अध्यापन के लिए समय नहीं दे पातीं। इसके कारण व्यवस्था की दृष्टि से बच्चों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता, फिर भी समय निकाल कर कुछ कालखंड भूगोल का अध्यापन कराने का आग्रह किया गया। प्राचार्य की प्रभावी मांग के लिए अध्यक्ष से भी सदस्यों ने आग्रह किया। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, तेजेंद्र पिपरिया, शैलेंद्री मंडावी, कमलेश साहू, पूर्णेंद सिन्हा, खेमलाल देशलहरे, लालजी डहरे, भरर सरपंच गरिमा भारदीय, मनीष चंद्राकर, नरेंद्र धर्मगुड़ी, प्रेमचंद चौरडिया, संतोष साहू, उमाशंकर शुक्ला, रूपेंद्र साहू उपस्थित रहे।

सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश पिल्लई विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य नीता कुंभारे ने अध्यक्ष का स्वागत किया। प्राध्यापक चेतना सोनी ने संचालन किया।



### इन विषयों पर हुआ विचार मंथन

स्मार्ट बोर्ड क्लास रूम निर्माण, सांस्कृतिक मंच का चौड़ीकरण एवं शेड निर्माण, ध्वनि विस्तारक यंत्र, रेन वाटर हार्वेस्टिंग भूगोल अध्यापन सायकल स्टैंड कर्मचारी वाटर कूलर प्रसाधन प्रयोगशाला एसी संबंधित विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष एवं समिति सदस्यों ने प्रत्येक विषयों पर गहनता से विचार कर सकारात्मक परिणाम मूलक चर्चा की। शासकीय महाविद्यालय जामगाँव आर में विद्यार्थियों के भविष्य और सुदृढ़ विकास के लिए हुई जनभागीदारी समिति की बैठक में जनभागीदारी समिति से नियुक्त सफाई कर्मियों तथा कंप्यूटर ऑपरेटर के मानदेय में वृद्धि भी की गई।

## मड़ियाकट्टा विद्यालय में हुई शिक्षक-पालक मेगा बैठक



**डौण्डीलोहारा।** विकासखण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में शाला स्तरीय शिक्षक पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि इसका उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के मध्य समन्वय स्थापित कर पालकों को उनके बच्चों के पढ़ाई में मदद के लिए उपाय सुझाना तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन के लिए राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रम से पालकों को अवगत कराना है। छात्र हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं, शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए संचालित योजनाओं, अध्ययन अध्यापन में आने वाली समस्याओं, सुचारु रूप से अध्ययन अध्यापन, लंबी अनुपस्थित वाले बच्चों को शाला में उपस्थित कराना है। इसके साथ ही बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए 12 विषयों पर जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी गई। इस अवसर पर सरपंच सीमा मण्डावी, पंच वीना मण्डावी, सुख बाई तारम माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय अध्यक्ष फत्तेसिंह ठाकुर, सुखेन्द सहारे, भानस्वरुप मण्डावी शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य शाला प्रबंधन समिति सदस्यगण, पालक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पुरुषोत्तम सिंह को मिला मानस रत्न सम्मान

**बालोद।** मानस दर्शन जीवन अर्पण द्वारा कोंडागांव जिले के केशकाल बोरगांव डीहिपारा में चौथे मानस मंथन और अलंकरण समारोह के रूप में प्रांत स्तरीय आयोजित पितर महोत्सव का आयोजन किया गया समारोह में बालोद के ग्राम बेलमाण्ड निवासी पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को मानस रत्न सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिया शरण महराज महामंडलेश्वर अयोध्या धाम और विशिष्ठ अतिथि गोपाल वर्मा अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ प्रांत तथा अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष धमतरी जिला राज मानस संघ रहे। गुप्तेश्वर बघेल की अगुवाई में पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी सिया शरण महाराज ने सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर गोपाल राम वर्मा, अर्जुन पुरी गोस्वामी, गुप्तेश्वर बघेल, देवलाल सिन्हा, रामदत्त साहू, पुष्कर सिंह राजपूत, लाडू सिंह मोकावत, जयकरण सिंह परिहार, कामता सिन्हा एवं राजहंस भारद्वाज सहित राम चरित मानस से जुड़े सभी विभूतियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### साल्हे में कुड़ेरादादर वाले कामता प्रसाद का कार्यक्रम आज

**बालोद।** दुर्गा उत्सव समिति ग्राम साल्हे द्वारा नवरात्रि के अवसर पर 9 अक्टूबर को हरी कीर्तन कुड़ेरादादर गरियाबंद कामता प्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगा।

### बसपा के दिग्गज नेताओं का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**जामगांव आर।** बहुजन समाज पार्टी प्रदेश इकाई के तत्वावधान में एसटी, एससी एवं ओबीसी के आरक्षण में उप वर्गीकरण व क्रिमी लेयर के विरोध में आत्म सम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा के मुख्य मार्गदर्शक दाऊ राम रत्नाकर, केंद्रीय कोऑर्डिनेटर श्याम टंडन, प्रदेश अध्यक्ष ओपी वाजपेई पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता गेडाम, प्रदेश महासचिव का जामगांव आर्मी एवं बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस यात्रा कार्यक्रम में दुर्ग जिला प्रभारी लोकेश महलवार, दुर्ग जिला अध्यक्ष दीपक चंद्राकर, विधानसभा अध्यक्ष डॉ धृतलाहरे, चैन सिंह धृतलहरे, उमेश यादव, रोम लाल निषाद, भारत सोनवानी, शिवेंद्र कुमार, मनोज मारकंडे उपस्थित थे।


## निधन

### गौरी बाई साहू



**गुरूर।** ग्राम खुंदनी निवासी गौरी बाई साहू का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे किशन लाल साहू की पत्नी, अघनू राम साहू की बहू व फातीश कुमार एवं भारती की मां थीं।

### मनोज बेलचंदन




**बालोद/निकुम।** ग्राम निकुम निवासी 30 वर्षीय मनोज बेलचंदन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्तिधाम में किया गया। वे निकुम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी बेलंचदन व गिरधर बेलचंदन के पुत्र थे।

### कौशल प्रसाद साहू



**बालोद।** ग्राम कमरौद निवासी कौशल प्रसाद साहू 65 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम कमरौद के मुक्तिधाम में किया गया। वे टकेश्वर प्रसाद साहू के पिता थे।

## शक्ति की भक्ति में डूबा बालोद अंचल



अंडा क्षेत्र में जगह-जगह विराजी मां दुर्गा






सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, नीम चौरा कोलिहामार



ग्राम गातापार




बजरंग चौक, बटरेल

### लोगों को नशे से मुक्ति दिलाने वाले कार्यकर्ताओं का कलेक्टर ने किया सम्मान

# भैंसबोड़ में 70 प्रतिशत लोगों ने छोड़ा नशा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़ में ग्रामीणों द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसकी सफलता से अभिभूत होकर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने ग्रामीणों के इस प्रयास को सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम भैंसबोड़ में नशामुक्ति अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर समाज के अनेक लोगों को नशापान से मुक्ति दिलाकर उनके खुशहाल जीवन प्रारंभ करने के पुनीत कार्य में सहभागिता निभाने वाले सक्रिय कार्यकर्ताओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।

विदित हो कि ग्रामीणों एवं नशामुक्ति अभियान से जुड़े लोगों के प्रयासों के फलस्वरूप ग्राम भैंसबोड़ के लगभग 70 प्रतिशत लोगों को नशापान से मुक्त कराया गया। इस अवसर पर अतिथि एवं वक्ताओं ने नशापान को मनुष्य के लिए अभिशाप बताते हुए इसे समाज एवं राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ा बाधक बताया। उन्होंने किन्हीं कारणों से नशापान की गिरफ्त में फंस चुके लोगों को अपने तथा अपने परिवार राष्ट्र व समाज के कल्याण के लिए नशा छोड़ने की अपील की।




### नशा छोड़ चुके बालक को कक्षा 9वीं में दिलाया प्रवेश

इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अतिथियों ने नश के कारण पढ़ाई छोड़ चुके गांव के बालक को नशापान से दूर रहने का संकल्प दिलाकर उन्हें कक्षा 9वीं में पुनः प्रवेश दिलाया। बालक ने जीवन भर नशापान नहीं करने तथा पूरी लगन एवं परिश्रम के साथ पढ़ाई कर अपने भावी भविष्य निर्माण का संकल्प लिया। उन्होंने ग्राम भैंसबोड़ में नशामुक्ति के अलावा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा गांव में हुए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम भैंसबोड़ अपने आप में एक आदर्श एवं प्रेरणादायक ग्राम है।

### नशा समाज व राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा है : भगत

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने कहा कि नशा व्यक्ति के अलावा राष्ट्र व समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने सभी लोगों को नशापान के अभिशाप से दूर रहने तथा परिवार के लोगों को भी इससे दूर रखने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने की अपील की। भगत ने नशापान को सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण बताते हुए कहा कि यदि नशे की समस्या निजात मिलती है, तो सड़क दुर्घटना में बहुत कमी आ सकती है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी एवं पवन साहू ने भी लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की।

### दृढ़ संकल्प लें, तो नशे से दूर रहना बिल्कुल भी असंभव नहीं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने ग्राम भैंसबोड़ में ग्रामीणों द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि हम नशापान से दूर रहने का संकल्प लेकर उसे अपने आचरण और व्यवहार में ढालें, तो नशापान से दूर रहना बिल्कुल भी असंभव नहीं है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने सफल नशामुक्ति अभियान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के नशा मुक्ति अभियान के संबंध में नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति दी।

## वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिए निकाली गई जागरुकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- बाइक रैली में डौंडी व दल्लीराजहरा रेंज के समस्त वन रक्षक व कर्मचारी हुए शामिल

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह अंतर्गत वन रक्षा एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिए डौंडी वन परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल भोंडेकर के मार्गदर्शन में डौंडी एवं दल्लीराजहरा रेंज के समस्त वन रक्षक कर्मचारियों ने बाईक रैली निकालकर जनजागरुकता अभियान चलाया। वन विभाग की यह जागरूकता रैली सर्वप्रथम पूरे दल्लीराजहरा शहर का भ्रमण करने के बाद मुख्य मार्ग होते हुए डौंडी नगर पहुंची जहां डौंडी नगर के मुख्य मार्गो पर आम नागरिकों से वन्यप्राणियों की रक्षा की अपील की गई।

इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल भोंडेकर ने कहा कि पूरे देश 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक विभाग द्वारा वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज की परिस्थिति में विलुप्त होते वन्य प्राणियों की रक्षा किया जाना हम सभी भारतवासियों की जिम्मेदारी है। वन्यप्राणियों का संरक्षण मिलजुल कर तभी संभव होगा, जब जंगल से वृक्षों की कटाई व उजाड़ ना करें, बल्कि अधिक से अधिक पौधा रोपित कर पौधों का संरक्षण करें, क्योंकि जंगल ही वन्यप्राणियों का घर है। कार्यक्रम में विभाग के एसडीओ जीवन लाल सिन्हा, डिप्टी रेंजर शिव कुमार चंद्राकर, दामन लाल ठाकुर, शोभित राम सिन्हा, राधेश्याम नायक, अहिल्या कौड़ों, खेमचंद साहू, नीलकंठ साहू, सुशील कुमार चंदेल, अजय आष्टीकर तथा हाथी मित्र दल एवं डौंडी वन रक्षक कमल नारायण गौतम सहित डौंडी-दल्लीराजहरा के समस्त वन रक्षक रैली में शामिल हुए।

## अर्जुन्दा में दशहरा महोत्सव 13 को

**गुण्डरदेही।** नव नंगारापाठ दुर्गा उत्सव समिति द्वारा अर्जुन्दावासियों के सहयोग से 13 अक्टूबर को दाऊ पारा स्कूल मैदान अर्जुन्दा में दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में संत राम बालकदास महात्यागी पाटेश्वर धाम, संत ज्ञानीदास नासिक महाराष्ट्र विशेष रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व संगठन मंत्री भाजपा रुपनारायण सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक जसवंत सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शाम 4 बजे से रायपुर की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। उसके बाद शाम 7 बजे से रामलीला होगी। इस अवसर पर 70 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन कर भव्य आतिशबाजी की जाएगी।



### भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां

**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही के कार्यकर्ताओं ने हरियाणा राज्य में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने फटाका फोड़कर व मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित प्रदेश प्रवक्ता नीलु शर्मा व जिलाध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि यह जीत हरियाणावासियों व कार्यकर्ताओं की जीत है। भाजपा की सरकार बनने पर राज्य में तेजी से विकास होगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण कांत पवार, लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, मोहन जैन, ठाकुर राम चंद्राकर, प्रमोद जैन, सौरभ चोपड़ा, थानसिह मण्डावी, श्रीकांत वर्मा, नवीता साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

## दान-पुण्य करो लेकिन उसका बखान स्वयं न करें





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- महादेव भवन में श्रीमद् देवी भागवत कथा जारी
- कथावाचिका रुचिता ने सुनाई वृत्तासुर, नहुश, भृगुवंशी ब्राह्मण व त्रिशंकु की कथा

श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक रुचिता तिवारी ने वृत्तासुर की तपस्या, नहुश का पतन, भृगुवंशी ब्राह्मण का संहार, त्रिशंकु की कथा सुनाई।

कथा में उन्होंने कहा कि आशा की चाह भगवती के चरणों में होनी चाहिए। कितने भी धनवान हो जाओ लेकिन सुख भगवती के आशीष के बिना नहीं मिल सकता। उन्होंने आगे कहा कि सबसे प्रभावशाली योनि मानव है, इसलिए मानव को भजन कीर्तन में मन लगाना चाहिए। आगे कहा हमारे जीवन में माता पिता का स्थान श्रेष्ठ है, इसलिए माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए। भगवान व भक्त की महिमा बताते हुए कहा कि प्रत्येक जीव के अंदर अच्छाई एवं बुराइयां होती हैं।

भक्त हजार गलती करें तो भी भगवान क्षमा करते हैं। भगवान को देखना है तो भक्त में भरोसा व प्रेम होना चाहिए। गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु की शरणागति से कार्य करें तो सफल होंगे, क्योंकि माता-पिता के बाद वही होते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक से बढ़कर धर्म क्षेत्र होता है। कथा सुनते हो तो जीवन में उतारना चाहिए तभी फायदा होगा। कथा को हृदय में बिठाइए। जीवन में शब्दों का सही उपयोग करना चाहिए। कथा में उन्होंने आगे कहा कि दान करो, पुण्य करो लेकिन उसका बखान स्वयं ना करें। कोई आपको बार-बार सताए तो उसको नजरअंदाज कर दो, यह समझ लो कि भगवान हमारी परीक्षा ले रहे हैं।

### हमेशा काम आता है बड़ों का आशीर्वाद

कथा के दौरान उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में आशीर्वाद का बड़ा महत्व है। आशीर्वाद हमेशा काम आता है। इसलिए हमें हमेशा बड़ों का आशीर्वाद लेना चाहिए। यह हमें अशुभ से बचा लेता है, दूसरी ओर आशीर्वाद देते समय हमें भगवान का नाम लेना चाहिए। कथा के दौरान दान का भी महत्व बताया। इस अवसर पर मुख्य यजमान गोवर्धन चांडक सहित दुर्गा समिति के सदस्य व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, टिकेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी, धीरज दुबे सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद एसएमसी के अध्यक्ष बने अंगेश्वर

**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम शासकीय विद्यालय जामगांव आर में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू को प्रभारी मंत्री की संशोधन अनुशंसा के बाद शाला विकास एवं प्रबन्धन समिति का अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। प्राचार्य राजेश पिल्लई ने नव नियुक्त अध्यक्ष अंगेश्वर साहू का स्वागत किया। अध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने मनोनयन पर अपने अग्रज नेताओं व मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त जताया है। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी में सरपंच राजकुमार ठाकुर, मेघनाथ सगरवंशी, मनीष जैन, मुकेश साहू, सीता राम साहू, रोमल साहू, चंद्रकैलाश जैन, मुकेश शुक्ला, हरीश साहू, उज्ज्वल केला सहित कुछ अन्य लोगों को शामिल किया है। प्रबन्धन समिति की पहली बैठक 14 अक्टूबर को रखी गई है, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### गरबा महोत्सव में शामिल हुईं विधायक संगीता



**गुरूर।** शक्ति की साधना और उपासना के पर्व नवरात्र पर धमतरी में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संगीता ने कहा कि मां की आराधना का यह पर्व है। गरबा महोत्सव के मंच में एकरूपता है, जो हम सबके लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के गुलशन छाबड़िया, कुणाल सिंह, हेमंत राजपूत, शुभांक मिश्रा, अंकित मधान, साकेत रोहरा, सारांश केसरवानी, आयुश आहूजा, हेमंत लेडवानी, आदित्य पंसारी सहित शहरवासियों का सहयोग रहा।

### एफएसएनएल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड और स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविघालय के तत्वावधान में निगमन कार्यालय, भिलाई के मिनी ऑडिटोरियम में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीपीएस दुर्ग के हिंदी विभाग के अध्यक्ष रमेश चंद द्विवेदी एमजीएम स्कूल के शिक्षक के.योहान विशेष अतिथि थे। श्री त्यागी ने कहा कि आपके पास भाषण कौशल हो, तो आप अपने दृष्टिकोण, जुड़ाव और लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित कर सकते हैं। ग्राम पंचायत पतोरा का स्वच्छता से संबंधित वीडियो भी प्रसारित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम–अभिषेक सिंह, द्वितीय-चंद्रशेखर साहू, तृतीय-सुरेश कुमार वर्मा व हिंदी भाषी वर्ग मेंप्रथम-खुशी, द्वितीय-अदिति पाण्डेय तृतीय-मानसी यदु,और हिंदीत्तरभाषी वर्ग में प्रथम-नंदिनी कर, द्वितीय-गुनगुन ठाकुर, तृतीय-जान्हवी ठाकुर के अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

## शक्ति की भक्ति में डूबा बालोद अंचल







**पर्व : गोटाटोला चौक तक सड़क निर्माण व कला मंच के सीमेंटीकरण का दिया आश्वासन**

# कंकालिन मंदिर में ज्योति कलश भवन का विधायक संगीता ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

क्वांर नवरात्रि की पंचमी पर कंकालिन मंदिर में नवनिर्मित ज्योति कलश भवन एवं सामुदायिक भवन का विधायक संगीता सिन्हा ने लोकार्पण किया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, महामंत्री शादिक अली, सरपंच नरेन्द्र सिन्हा, जनपद सदस्य द्वय राजश्री क्षत्रिय, कुलेश्वरी गावडे, कंकालिन अध्यक्ष जगदीश नागवंशी, कार्यवाहक अध्यक्ष डा पीआर ठाकुर मंचासीन थे।

विधायक संगीता सिन्हा ने माता कंकालिन की पूजा अर्चना कर लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान समिति द्वारा कलामंच के सीमेंटीकरण की मांग की, जिस पर विधायक ने पूरा कराने का आश्वासन दिया। गोटाटोला के रामजी कुंजाम ने विधायक के समक्ष नेशनल हाईवे 30 से कंकालिन मंदिर से गोटाटोला चौक तक सड़क निर्माण की मांग रखी, जिस पर विधायक ने पूरा करने का आश्वासन दिया है।



कंकालिन मंदिर समिति की ओर से पंडित दाऊलाल तिवारी ने पंचमी पर माता का श्रृंगार किया। सोंहपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार साहू एवं परिवार द्वारा लगातार 10 वर्षों से पंचमी पर भंडारा का आयोजन किया जाता रहा है। मंदिर समिति के सदस्य शत्रुहन गोटी ने बताया कि अष्टमी पर धमतरी निवासी विकास पोटवानी, हरप्रीत सिंग गिल द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर लच्छू राम खुसरो, काशी राम कोवाची, खेमलाल साहू, लक्ष्मण टेकाम, सुकालू राम नेताम, रामकुमार कोमर्रा सहित समिति एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचमी पर मां शीतला का किया विशेष श्रृंगार

**गुरूर।** क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर विकास समिति एवं समस्त गुरुर द्वारा नगरवासियों के सहयोग से माँ शीतला मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना की गई है। इस वर्ष श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर में 8 घी ज्योति कलश एवं 64 तेल मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है। नवरात्रि के पंचमी पर क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर महिमा साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां शीतला की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रति दिन भजन मंडलियों द्वारा माता सेवा का आयोजन किया जाता है। श्री पंचमुखी हनुमान युवा संगठन द्वारा भण्डारा प्रसाद वितरित किया गया। नवरात्रि के आठवें दिन



शुक्रवार को अष्टमी पूजन एवं हवन कार्यक्रम 11 बजे प्रारंभ होगा। शनिवार को जोत-जंवारा विसर्जन के साथ एवं दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। पंचमी पूजन में अध्यक्ष नगर विकास समिति गुरुर हेमलाल धुर्वे, संरक्षक छन्नू लाल साहू, सचिव प्रमोद कुमार सोनवानी, नरेंद्र कुमार साहू, भारत लाल यादव, दसरूराम, मोहित राव ठाकरे, जागेश्वर राव ठाकरे, मुरली चौधरी, बलिराम साहू सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### अंडा में विधायक ललित ने किया पदयात्रियों का स्वागत




**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक, राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने ग्राम अंडा अटल चौक पर डोंगरगढ़ पदयात्रियों का अभिनंदन किया। यहां सभी पदयात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री पुकेश चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, लोकेश देवांगन, फेकुराम चंद्राकर, प्रवीण यदु, फलेंद्र सिंह राजपूत, सतीश चंद्राकर, हेमेन्द्र चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पसौद में नवनिर्मित मां शीतला मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा



**बालोद।** क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम पसौद में नवनिर्मित शीतला माता मंदिर में 3 अक्टूबर को शीतला माता, माँ दंतेश्वरी एवं भंगाराम देवता मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं ज्योति कलश की स्थापना की गई। गायत्री परिवार के आचार्य राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने पंचमी कार्यक्रम एवं नवरात्र साधना के संबंध में कहा कि आदिशक्ति माँ भगवती की साधना चाहे निष्काम भाव से की जाय चाहे सकाम भाव से, पर उसका फल अवश्य मिलता है। श्रद्धा और विश्वास के साथ जिसने माता का आश्रय लिया है, वह अपने सिर पर एक दैवीय छत्रछाया का अस्तित्व प्रतिक्षण अनुभव करेगा। उन्होंने कहा कि कभी किसी की भगवद् साधना निष्फल नहीं जाती। उन्होंने कहा कि सभी जीवों में माता के दर्शन करने चाहिए।

## शांति व दिव्यता की अनुभूति करा रही हैं देवियों की चैतन्य झांकी

**बालोद।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नवदुर्गा के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए आमापारा स्थित आत्मज्ञान भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी प्रदर्शित की गई है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। एक के बाद एक चैतन्य देवियां प्रकट होकर जड़ मूर्ति के रूप में स्थिर होकर भक्तों को दर्शन देकर उन्हें शांति और दिव्यता की अनुभूति करा रही हैं।

यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। झांकी में शामिल



कन्याओं ने कहा कि वो सभी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से वर्षों से जुड़ी हैं और वे एकाग्रता के लिए मेडिटेशन करती हैं। इसी का प्रतिफल उन्हें मिला है कि वे स्थिर भाव से मूर्ति के रुप में स्थिर रहती हैं। उन्होंने लोगों को मेडिटेशन से जुड़कर जीवन को बेहतर बनाने की बात कही। द्वितीय दिवस का सीईओ जिला पंचायत डॉ संजय कन्नौजे व ब्रह्माकुमारी विजय लक्ष्मी दीदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर झांकी का उद्घाटन किया। इस मनोरम चैतन्य झांकी की सराहना करते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि यहां आकर साक्षात देवियों का दर्शन हो रहा है, यहां आने से बहुत अच्छा अनुभव होता है। शांति की अनुभूति होती है। इस चैतन्य झांकी में संगीतमय कॉमेंट्री के माध्यम से ब्रह्माकुमारी, मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां उमा, मां काली की महिमा का लाइट एंड साउंड के माध्यम से प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं। यह झांकी 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम को 06.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक निःशुल्क दर्शनार्थ रहेगी।

#### राजयोग अनुभूति शिविर 13 से

संस्था की ओर से राजयोग अनुभूति शिविर का निःशुल्क आयोजन रविवार 13 अक्टूबर से किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 8 बजे प्रातः 9 बजे, संध्या 4 से 5 बजे एवं रात्रि 8 से 9 बजे तक रहेगा। उपरोक्त किसी भी एक समय पर निःशुल्क शिविर का लाभ लिया जा सकता है।

### जागृति को मिला बेस्ट गरबा डांसर का पुरस्कार

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय गरबा ग्रुप द्वारा द्वितीय दिवस गरबा कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं मां अम्बे की आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य पदमा देवी ठाकुर,जनपद सदस्य शकुन साहू, समाजसेविका सीमा गुप्ता उपस्थित रहीं। नगर में केवल महिलाओं के लिए गरबा कार्यक्रम का आयोजन किये जाने से नगर की महिलाएं बड़ी संख्या में इस आयोजन में भाग ले रही हैं। गरबा आयोजन में बच्चे, युवतियां तथा सभी उम्र की



महिलाएं अपनी सहभागिता दे रही हैं। गरबा आयोजन में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। स्थानीय अरोरा ऑप्टिकल्स की ओर से बेस्ट डांस, बेस्ट कॉस्टयूम एवं बेस्ट मेकअप अवार्ड का पुरस्कार प्रदान किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा बच्चों को उनके कार्यक्रमों में प्राप्त क्रम एवं उनकी कैटेगरी के अनुसार पुरस्कार दिए गए। जिसमें बेस्ट कॉस्टयूम लविश भंसाली, बेस्ट गरबा नृत्य जागृति देवांगन एवं कात्यानी मंडावी को बेस्ट कॉस्टयूम का अवार्ड दिया गया। इसी तरह राशि देवांगन, काजल साहसी एवं अंचल जैन को बेस्ट कोरियोग्राफर का अवार्ड दिया गया जो कि बच्चों को प्रतिवर्ष निःशुल्क सेवा के रूप में गरबा नृत्य सिखाती हैं। गरबा ग्रुप के आयोजन में माया ठाकुर, हर्षा देवांगन, आरती संचेती, विद्या गौर, ममता साहसी, रंजना राजपूत, स्वाति राजपूत, जूली भंसाली, नीति भंसाली, सोनम भंसाली, शीतल कुलदीप, नीलू पांडे, रेनू किरण निषाद, टुकेश्वरी टांडिया तथा ममता गौर का सक्रिय योगदान रहा।

### विधायक संगीता ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**बालोद।** नवरात्रि पर बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम सांकरा (क) में शेड निर्माण एवं निपानी में नवनिर्मित लोककला मंच, किसान कुटीर भवन तथा सीसी रोड निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संगीता ने कहा कि कांग्रेस सरकार में कार्य तेजी से हुआ करते थे, लेकिन भाजपा सरकार आते ही कार्य की गति रुक सी गई है। इससे आम जनता को इनका लाभ नही मिल पा रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष बालोद भोलाराम देशमुख, ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी, जिला पंचायत सभापति बालोद धनेश्वरी सिन्हा, संजय चंद्राकर, कमलेश श्रीवास्तव, जनपद सदस्य गिरधर चंद्राकर, कृपा राम साहू, नरेन्द्र सिन्हा, ऐनु राम साहू, वासुदेव साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बीएसपी में नागरिक सुरक्षा कार्यशाला

**भिलाई।** बीएसपी के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा रेल व स्ट्रक्चरल मिल के कर्मचारियों की पत्नियों/गृहिणियों के लिए एक दिवसीय विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला हम भी है तैयार का आयोजन एल एंड डी विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में मुख्य महाप्रबंधक व नागरिक सुरक्षा अधिकारी निशा सोनी तथा विशेष अतिथि के मुख्य महाप्रबंधक तीर्थांकर दस्तीदार थे। मुख्य अतिथि निशा सोनी ने कहा कि महिलाएँ भी नागरिक सुरक्षा के कार्य को बखूबी कर सकती है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

**मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की**

# अंचल के मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचीं विधायक संगीता, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

क्षेत्र में नवरात्रि का श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पर्व के दौरान देवी मंदिरों के साथ ही पंडालों में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। वहीं, श्रद्धालु दूर-दूर से देवी मां के दर्शन के लिए पहुंचकर उनका आशीर्वाद ले रहे हैं।

क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ने भी जिले के प्रसिद्ध मां गंगा मैया मंदिर झलमला के अलावा मां कंकालिन मैया मंदिर, भोलापठार, गुरूर स्थित देऊर मंदिर, मां शीतला माता, गणेश मंदिर, श्रीराम मंदिर संहित अन्य देवी मंदिरों में पहुंचकर मत्था टेका। उन्होंने श्रीफल एवं श्रृंगार सामग्री भेंट की तथा पूजा-




अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति व समृद्ध की कामना की। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने श्रीमती सिन्हा को मंदिर की विशिष्टता के साथ ही नवरात्रि के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान विधायक के साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, सादिक अली, टोमन साहू, डॉ ओंकार महमल्ला, तोषण साहू, महिमा भूपेन्द्र साहू, पार्षद दीप्ति शर्मा, चमेली साहू, धनेश्वरी ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मां सियादेवी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यहां गुरूर, बालोद, धमतरी, कांकेर, दुर्ग, भिलाई, रायपुर जैसे विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे है।

